प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

स्वच्छता अभियान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आज देशभर में स्वच्छता ही सेवा अभियान शुरू हो रहा है। ये अभियान 2 अक्तूबर तक चलेगा। इस वर्ष का विषय है– स्वभाव, स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा नई दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रक्तदान शिविर का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान जे.पी. नड्डा प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी का शुभारंभ भी करेंगे।

भाजपा–सेवा पखवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेश भर में आज से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आरम्भ कर रही है। आज से 2 अक्तूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े के दौरान भाजपा कार्यकर्ता विभिन्न समाजों और वर्गों से जुड़कर समस्याओं का समाधान खोजेंगे। इस अभियान के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का आगाज़ देश में कार्यरत 623 केंद्रों के माध्यम से किया जाएगा। इसमें देश व प्रदेश में गठित युवा मंडल स्थानीय इकाई में सहभागिता निभाएंगे। इन कार्यक्रमों में युवा सदस्यों के अतिरिक्त शैक्षणिक संस्थानों, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों और सेवा भारती संस्थाओं के साथ–साथ कॉलेज और एनएसएस स्वयंसेवियों सहित 100 युवा भाग लेंगे, जो चिकित्सालय परिसर में सफाई कर आम जनमानस को स्वच्छता का संदेश देंगे। इस दौरान गांव, गली, चौराहों और चौपालों में सेवा कार्य किया जाएगा। इसी कड़ी में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा शिमला के रिज मैदान पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि आज प्रदेश के सभी 17 संगठनात्मक जिलों में युवा मोर्चा के नेतृत्व में रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। प्रदेश के सभी पोलिंग बूथों पर भाजपा कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान चलाएंगे। साथ ही कार्यकर्ता अपने–अपने पोलिंग बूथ पर सदस्य बनाने का कार्यक्रम भी करेंगे।

पुरस्कार

केंद्रीय नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने कल गुजरात के गांधीनगर में वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश को समग्र जल विद्युत क्षमता में सर्वोच्च उपलब्धि हासिल करने पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया। राज्य सरकार की ओर से मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर व विधायक नीरज नैय्यर ने ये पुरस्कार हासिल किया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा है कि राज्य सरकार जल विद्युत व नवीकरणीय ऊर्जा के दोहन पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2026 तक राज्य सरकार ने प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 6 महीने के रिकॉर्ड समय के भीतर पेखूबेला स्थित 32 मैगावॉट सोलर प्लांट का संचालन शुरू कर दिया गया है।

पैराग्लाइडिंग

प्रदेश के अनेक स्थानों पर कल से रीवर राफ्टिंग व पैराग्लाइडिंग गतिविधियां फिर से शुरू हो गई हैं। उल्लेखनीय है कि मॉनसून सीज़न के कारण ब्यास नदी में साहसिक गतिविधियां 15 जुलाई से बंद कर दी गई थीं। पैराग्लाईडिंग और रीवर राफ्टिंग के साथ–साथ रीवर क्रासिंग जैसी साहासकि गतिविधियों पर प्रतिबंध हटने के साथ ही कल मनाली में सैंकड़ों पर्यटकों ने इसका आनंद लिया। सोलंग नाला मे पैराग्लाईडिंग ऐसोसिएशन के पैराग्लाईडिंग पॉयलेट राम प्रकाश ठाकुर ने बताया कि कल सोलंग नाला में 29 शॉर्ट जबकि 48 हाई फ्लाई पैराग्लाईडिंग हुई। वहीं पर्यटकों ने ब्यास की राफ्टिंग साईटस पर रीवर राफ्टिंग का आनंद भी लिया। इन खेल गतिविधियों के शुरू होने से इस व्यवसाय से जुड़े कारोबारी भी खुश है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली हुई धूप के साथ हुई है। हालांकि पिछले दिनों हुई बारिश और ऊंची चोटियों पर हुए हिमपात से सुबह व शाम के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है।

मौसम विभाग ने आज प्रदेश में मौसम साफ बने रहने जबकि कल से कुछ स्थानों पर वर्षा होने की संभावना जताई है।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.................

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला ने मुख्यमंत्री के बयान को सुर्खी दी है–भाजपा ने गुमराह किए पीएम, केंद्र नहीं दे रहा 23 हजार करोड़। दिव्य हिमाचल के शब्द है– केंद्र ने हिमाचल को देने हैं 23 हजार करोड़। दैनिक जागरण और हिमाचल दस्तक का एक जैसा शीर्षक है–वित्तीय स्थिति पर भाजपा ने किया पीएम को गुमराह।

हाईकोर्ट के हवाले से हिमाचल दस्तक ने सुर्खी दी है–हिमाचल हाईकोर्ट ने खरिज की सांसद हर्ष महाजन की याचिका। दैनिक जागरण के शब्द है–राज्यसभा सदस्य हर्ष महाजन का आवेदन खारिज दो सप्ताह में देना होगा जबाव।

साहासिक खेल पर दैनिक भास्कर की एक खबर है–प्रतिबंध खत्म एडवेंचर शुरू–पर्यटन कारोबार को लगेंगे पंख।

मौसम पर पंजाब केसरी की सुर्खी है–मतियाणा, कुमारहट्टी में हाईवे पर भू–स्खलन, सिरमौर में दो मकान व 3 वाहन क्षतिग्रस्त। दैनिक सवेरा टाईम्स के शब्द है– सूबे में 18 सितंबर से भारी बारिश के आसार, 6 जिलों में येलो अलर्ट।